मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-232
10/05/2025

# मुख्यमंत्री ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की कड़ी निगरानी हेतु पूर्णिया में की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

पटना, 10 मई 2025 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज 'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि में राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों की कड़ी निगरानी हेतु पूर्णिया समाहरणालय स्थित महानंदा सभागार में सुरक्षा संबंधी उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुयी।

बैठक में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया और सुपौल के सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी की गई तैयारियों एवं बरती जा रही चौकसी के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। प्रस्तुतीकरण में गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव ने मुख्यमंत्री को महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों/धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था, अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर चौकसी, गश्ती एवं आवागमन पर निगरानी, मादक पदार्थों/अवैध आग्नेयास्त्रों/मानव तस्करी की रोकथाम, अग्निशमन, चिकित्सा व्यवस्था, सीमावर्ती क्षेत्रों में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सहित सुरक्षा संबंधी अन्य महत्वपूर्ण तैयारियों के संबंध में अवगत कराया।

बैठक में भारतीय थल सेना, भारतीय वायुसेना, बॉडर सिक्युरिटी फोर्स (बी0एस0एफ0), सशस्त्र सीमा बल (एस0एस0बी0) और भारतीय रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की कार्रवाई के बाद भारत–पाकिस्तान सीमा पर उपजे तनाव के मद्देनजर सुरक्षा संबंधी अपनी–अपनी तैयारियों को साझा किया तथा राज्य सरकार के साथ समन्वय के बिंदुओं पर चर्चा की।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू–कश्मीर के पर्यटक स्थल पहलगाम में पाकिस्तान से आये हुए आतंकवादियों ने 26 पुरुषों की निर्मम हत्या उनकी पत्नी एवं बच्चों के समक्ष कर दी थी। इस घटना के आलोक में भारत एवं पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए बिहार के सीमावर्ती जिलों– पूर्णिया, कटिहार, किशनगंज, अररिया और सुपौल के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, भारतीय सेना तथा सशस्त्र सीमा बल के पदाधिकारियों के साथ यह बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिहार सीधे रूप से पाकिस्तान की सीमा से नहीं लगा हुआ है परंतु नेपाल एवं बांग्लादेश से सटे होने के कारण यहां अत्यंत सर्तकता बरतने की आवश्यकता है। वर्तमान में भारत एवं पाकिस्तान के बीच सीमा पर चल रही तनावपूर्ण स्थिति पर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार तथा भारतीय सेनाओं द्वारा प्रशंसनीय कार्रवाई की जा रही है। हम सब लोग पूरी तरह से केन्द्र सरकार के साथ हैं। सभी लोगों को मिलकर काम करना है तथा पूरी सावधानी रखनी है।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती इलाकों में पूरी तरह से सतर्कता बरतें। सीमा पर स्थित सड़कों पर लगातार गश्ती करते रहें तथा आने–जाने वालों की पूरी जांच करें। साथ ही महत्वपूर्ण सड़कों, पुलों, रेलवे लाईन एवं धार्मिक स्थलों जैसे संवेदनशील स्थानों पर पूरी

निगरानी रखें। राज्य सरकार के सभी पदाधिकारी, भारतीय सेना एवं सशस्त्र सीमा बल के पदाधिकारियों के साथ मिलकर काम करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन 5 जिलों के अलावा अन्य सीमावर्ती जिलों में भी इसी तरह से सतर्क रहने एवं मिलकर काम करने की आवश्यकता है। सभी जिलों में कड़ी चौकसी रखी जाय। सभी महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर पुलिस बल प्रतिनियुक्त किया जाय। वरीय पदाधिकारी नियमित रूप से गश्ती कर सुरक्षा–व्यवस्था का जायजा लेते रहें। भारत–नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी रखी जाय। एस0एस0बी0 के साथ मिलकर पूरे इंडो–नेपाल बॉर्डर रोड पर लगातार गश्ती होनी चाहिए। बॉर्डर पर आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जाय। संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाय। सेना के साथ उचित समन्वय सुनिश्चित किया जाए एवं राज्य सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग दिया जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम की घटना के बाद की स्थिति को ध्यान में रखते हुए हर प्रकार से सतर्कता बरतने की जरूरत है। आतंकवादी या असामाजिक तत्व किसी व्यक्ति को गुमराह कर या लालच देकर गड़बड़ी करा सकते हैं। इन सब चीजों पर भी विशेष नजर रखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बलों के साथ समन्वय सुनिश्चित किया जाय। महत्वपूर्ण पथों, पुलों, रेलवे लाईन, एयरपोर्ट, पेट्रोल–डीजल डिपो, गैस स्टेशन आदि पर कड़ी नजर रखी जाय। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर कड़ी नजर रखी जाए। आसूचना तंत्र को अत्यंत संवेदनशीलता से सूचना संग्रहण हेतु लगाया जाय।

मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देश और सुरक्षा संबंधी की गई तैयारियों के संबंध में पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, अररिया एवं सुपौल के जिलाधिकारियों ने बैठक में अपनी बातें रखीं।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्रीमती लेशी सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा, विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक श्री विनय कुमार, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अरविंद कुमार चौधरी, आई0बी0 के अपर पुलिस महानिदेशक श्री बलजीत सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पूर्णिया प्रमंडल के आयुक्त श्री राजेश कुमार, पुलिस उप महानिरीक्षक, पूर्णिया प्रक्षेत्र श्री प्रमोद कुमार मंडल, पुलिस उप महानिरीक्षक, कोसी प्रक्षेत्र, श्री मनोज कुमार, जिलाधिकारी, पूर्णिया श्री कुंदन कुमार, जिलाधिकारी, किशनगंज श्री विशाल राज, जिलाधिकारी कटिहार श्री मनेश कुमार मीणा, जिलाधिकारी अररिया श्री अनिल कुमार, जिलाधिकारी, सुपौल श्री कौशल कुमार, पुलिस अधीक्षक, पूर्णिया श्री कार्तिकेय कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक, कटिहार श्री बैभव शर्मा, पुलिस अधीक्षक, किशनगंज श्री सागर कुमार, पुलिस अधीक्षक, अररिया श्री अमित रंजन, पुलिस अधीक्षक, सुपौल श्री शैशव यादव सहित आर्मी, एयरफोर्स, बी0एस0एफ0, एस0एस0बी0, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

*******